INTERMEDIATE (IPC)
GROUP I - PAPER 3
COST ACCOUNTING
& FINANCIAL MANAGEMENT

NOV 2014

Roll No. ....

Total No. of Questions – 7 | Total No. of Printed Pages – 22

Time Allowed – **3** Hours | Maximum Marks – **100**

KVB-H

Answers are to be given only in English except in the case of candidates who have opted for Hindi Medium. If a candidate has not opted for Hindi Medium, his/her answers in Hindi will not be valued.

Question No. **1** is compulsory.

Answer any **five** questions from the remaining **six** questions.

Working notes should form part of the answers.

Marks

1. Answer the following : **4×5 =20**

(a) Following details are related to a manufacturing concern :

Re-order Level	– 160000 units
Economic Order Quantity	– 90000 units
Minimum Stock Level	– 100000 units
Maximum Stock level	– 190000 units
Average Lead time	– 6 days
Difference between Minimum lead time and Maximum lead time	– 4 days

Calculate :

(i) Maximum consumption per day

(ii) Minimum consumption per day

(b) Zed Limited sells its product at ₹ 30 per unit. During the quarter ending on 31st March, 2014, it produced and sold 16000 units and suffered a loss of ₹ 10 per unit. If the volume of sales is raised to 40000 units, it can earn a profit of ₹ 8 per unit.

You are required to calculate :

(i) Break Even Point in Rupees.

(ii) Profit if the sale volume is 50000 units.

(iii) Minimum level of production where the company needs not to close the production if unavoidable fixed cost is ₹ 1,50,000.

(c) Alpha Limited requires funds amounting to ₹ 80 lakhs for its new project. To raise the funds, the company has following two alternatives :

(i) to issue Equity Shares (at par) amounting to ₹ 60 lakhs and borrow the balance amount at the interest of 12% p.a.; or

(ii) to issue Equity Shares (at par) and 12% Debentures in equal proportion.

The Income-tax rate is 30%.

Find out the point of indifference between the available two modes of financing and state which option will be beneficial in different situations.

Marks

(d) 'A' Ltd. and 'B' Ltd. are identical in every respect except capital structure. 'A' Ltd. does not employ debts in its capital structure whereas 'B' Ltd. employs 12% Debentures amounting to ₹ 10 lakhs. Assuming that :

(i) All assumptions of M-M model are met.

(ii) Income-tax rate is 30%;

(iii) EBIT is ₹ 2,50,000 and

(iv) The Equity capitalization rate of 'A' Ltd. is 20%.

Calculate the value of both the companies and also find out the Weighted Average Cost of Capital for both the companies.

2. (a) Z Limited obtained a contract No. 999 for ₹ 50 lacs. The following details are available in respect of this contract for the year ended March 31, 2014 : **8**

	₹
Materials purchased	1,60,000
Materials issued from stores	5,00,000
Wages and salaries paid	7,00,000
Drawing and maps	60,000
Sundry expenses	15,000
Electricity charges	25,000
Plant hire expenses	60,000
Sub-contract cost	20,000
Materials returned to stores	30,000
Materials returned to suppliers	20,000

Marks

The following balances relating to the contract No. 999 for the year ended on March 31, 2013 and March 31, 2014 are available :

	as on 31st March, 2013	as on 31st March, 2014
	₹	₹
Work certified	12,00,000	35,00,000
Work uncertified	20,000	40,000
Materials at site	15,000	30,000
Wages outstanding	10,000	20,000

The contractor receives 75% of work certified in cash.

Prepare Contract Account and Contractee's Account. 8

(b) Balance Sheets of Star Ltd. are as under :

Balance Sheet

(in lakh ₹)

Liabilities	31/03/13 ₹	31/03/14 ₹	Assets	31/03/13 ₹	31/03/14 ₹
Share Capital	24.00	30.00	Plant & Machinery	15.00	21.00
Reserve	4.50	6.00	Buildings	12.00	18.00
Profit & Loss A/c.	1.80	3.00	Investments	–	3.00
Debentures	–	6.00	Sundry Debtors	21.00	15.00
Provision for Taxation	2.10	3.00	Stock	6.00	12.00
Proposed Dividend	3.00	6.00	Cash in hand/Bank	6.00	6.00
Sundry Creditors	24.60	21.00			
Total	**60.00**	**75.00**	**Total**	**60.00**	**75.00**

Marks

With the help of following additional information, prepare Cash Flow Statement :

(i) Depreciation on plant and machinery was charged @ 25% on its opening balance and on building @ 10% on its opening balance.

(ii) During the year an old machine costing ₹ 1,50,000 (written down value ₹ 60,000) was sold for ₹ 1,05,000.

(iii) ₹ 1,50,000 was paid towards Income-tax, during the year.

3. (a) RST Limited is presently operating at 50% capacity and producing 30000 units. The entire output is sold at a price of ₹ 200 per unit. The cost structure at the 50% level of activity is as under : **8**

	₹
Direct Material	75 per unit
Direct Wages	25 per unit
Variable Overheads	25 per unit
Direct Expenses	15 per unit
Factory Expenses (25% fixed)	20 per unit
Selling and Distribution Exp. (80% variable)	10 per unit
Office and Administrative Exp. (100% fixed)	5 per unit

The company anticipates that the variable costs will go up by 10% and fixed costs will go up by 15%.

You are required to prepare an Expense budget, on the basis of marginal cost for the company at 50% and 60% level of activity and find out the profits at respective levels.

Marks

(b) From the following information, prepare Balance Sheet of a firm : 8

Stock Turnover Ratio (based on cost of goods sold)	–	7 times
Rate of Gross Profit to Sales	–	25%
Sales to Fixed Assets	–	2 times
Average debt collection period	–	1.5 months
Current Ratio	–	2
Liquidity Ratio	–	1.25
Net Working Capital –		₹ 8,00,000
Net Worth to Fixed Assets	–	0.9 times
Reserve and Surplus to Capital	–	0.25 times
Long Term Debts	–	Nil

All Sales are on credit basis

4. (a) Following information have been extracted from the cost records of XYZ Pvt. Ltd : 8

Stores :	₹
• Opening balance	54,000
• Purchases	2,88,000
• Transfer from WIP	1,44,000
• Issue to WIP	2,88,000
• Issue for repairs	36,000
• Deficiency found in stock	10,800

Marks

Work-in-Progress :

	₹
• Opening balance	1,08,000
• Direct wages applied	1,08,000
• Overheads charged	4,32,000
• Closing balance	72,000

Finished Production :

• Entire production is sold at a profit of 15% on cost at WIP	
• Wages paid	1,26,000
• Overheads incurred	4,50,000

Draw the Stores Ledger Control Account, Work-in-Progress Control Account, Overheads Control Account and Costing Profit and Loss Account.

(b) The Capital structure of RST Ltd. is as follows : 8

	₹
Equity Share of ₹ 10 each	8,00,000
10% Preference Share of ₹ 100 each	5,00,000
12% Debentures of ₹ 100 each	7,00,000
	20,00,000

Marks

Additional Information :

- Profit after tax (Tax Rate 30%) are ₹ 2,80,000
- Operating Expenses (including Depreciation ₹ 96,800) are 1.5 times of EBIT
- Equity Dividend paid is 15%
- Market price of Equity Share is ₹ 23

Calculate :

(i) Operating and Financial Leverage

(ii) Cover for preference and equity dividend

(iii) The Earning Yield Ratio and Price Earning Ratio

(iv) The Net Fund Flow

Note : All operating expenses (excluding depreciation) are variable.

5. (a) Identify the methods of costing for the following : **4×4 =16**

(i) Where all costs are directly charged to a specific job.

(ii) Where all costs are directly charged to a group of products.

(iii) Where cost is ascertained for a single product.

(iv) Where the nature of the product is complex and method can not be ascertained.

Marks

(b) Explain the treatment of over and under absorption of overheads in cost accounts.

(c) Explain four kinds of float with reference to management of cash.

(d) Distinguish between 'Operating Lease' and 'Financial Lease'.

6. (a) PQR Ltd. having an annual sales of ₹ 30 lakhs, is re-considering its present collection policy. At present, the average collection period is 50 days and the bad debt losses are 5% of sales. The company is incurring an expenditure of ₹ 30,000 on account of collection of receivables. 8

The alternative policies are as under :

	Alternative I	**Alternative II**
Average Collection Period	40 days	30 days
Bad Debt Losses	4% of sales	3% of sales
Collection Expenses	₹ 60,000	₹ 95,000

Evaluate the alternatives on the basis of incremental approach and state which alternative is more beneficial.

Marks

(b) The following information relate to Process A : **8**

(i)	Opening Work-in-Progress	8,000 units at ₹ 75,000
	Degree of Completion :	
	Material	100%
	Labour and Overhead	60%
(ii)	Input 1,82,000 units at	₹ 7,37,500
(iii)	Wages paid	₹ 3,40,600
(iv)	Overheads paid	₹ 1,70,300
(v)	Units scrapped	14,000
	Degree of Completion :	
	Material	100%
	Wages and Overheads	80%
(vi)	Closing Work-in-Progress	18,000 units
	Degree of Completion :	
	Material	100%
	Wages and Overheads	70%
(vii)	Units completed and transferred 1,58,000 to next process	
(viii)	Normal loss 5% of total input including opening WIP	
(ix)	Scrap value is ₹ 5 per unit to be adjusted out of direct material cost	

You are required to compute on the basis of FIFO basis :

(i) Equivalent Production

(ii) Cost Per Unit

(iii) Value of Units transferred to next process.

Marks

7. Answer any **four** of the following : 4×4 =16

(a) Why money in the future is worth less than similar money today ? Give the reasons and explain.

(b) Distinguish between 'Business Risk' and 'Financial Risk'.

(c) What is 'Internal Rate of Return' ? Explain.

(d) State the different types of Packing Credit.

(e) Define 'Labour Turnover'. How is it measured ? Explain.

(Hindi Version)

उन परीक्षार्थियों को छोड़कर जिन्होंने हिन्दी माध्यम चुना है, प्रश्नों के उत्तर केवल अंग्रेजी में ही देना है ।

वह परीक्षार्थी जिसने हिन्दी माध्यम नहीं चुना है, यदि हिन्दी में उत्तर देता है,

तो उसके हिन्दी में दिये गये उत्तरों का मूल्यांकन नहीं होगा ।

प्रश्न संख्या **1** अनिवार्य है ।

शेष छ: प्रश्नों में से किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।

कार्य टिप्पणियाँ (Working Notes) उत्तर के भाग होने चाहिए ।

Marks

1. निम्नलिखित के उत्तर दीजिए : **4×5 =20**

(अ) निम्नलिखित विवरण एक निर्मात्री संस्था से संबंधित हैं :

पुन:आदेश स्तर	– 160000 इकाइयाँ
आर्थिक आदेश मात्रा	– 90000 इकाइयाँ
न्यूनतम रहतिया स्तर	– 100000 इकाइयाँ
अधिकतम रहतिया स्तर	– 190000 इकाइयाँ
औसत अग्रता समय	– 6 दिन
न्यूनतम अग्रता समय और अधिकतम अग्रता समय के मध्य अंतर	– 4 दिन

गणना कीजिए :

(i) प्रति दिन सामग्री का अधिकतम उपभोग

(ii) प्रति दिन सामग्री का न्यूनतम उपभोग

Marks

(ब) 'जेड' लिमिटेड अपने उत्पाद का विक्रय ₹ 30 प्रति इकाई पर करती है । 31 मार्च, 2014 को समाप्त होने वाली तिमाही में कम्पनी ने 16000 इकाइयों का उत्पादन एवं विक्रय किया तथा उसे ₹ 10 प्रति इकाई की हानि हुई । यदि विक्रय की मात्रा 40000 इकाई तक बढ़ा दी जाये, तो कम्पनी ₹ 8 प्रति इकाई के लाभ को अर्जित कर सकती है ।

आपसे अपेक्षित है कि निम्नलिखित की गणना कीजिए :

(i) सम-विच्छेद बिंदु (रुपये में)

(ii) लाभ की राशि जब विक्रय की मात्रा 50000 इकाई हो

(iii) यदि अपरिहार्य स्थायी लागतें (unavoidable fixed cost) ₹ 1,50,000 हों, तो उत्पादन की न्यूनतम मात्रा जहाँ तक कम्पनी उत्पादन कर सकती है ।

(स) अल्फा लिमिटेड को अपने नये प्रोजेक्ट के लिए ₹ 80 लाख के कोष की आवश्यकता है । कोष को प्राप्त करने के लिए कम्पनी के पास निम्नलिखित दो विकल्प उपलब्ध हैं :

(i) ₹ 60 लाख के समता अंशों का सममूल्य पर निर्गम तथा शेष धन राशि को 12% वार्षिक ब्याज दर पर उधार लेना; अथवा

(ii) समता अंशों का सममूल्य पर और 12% ऋणपत्र का समानुपात में निर्गम

आयकर की दर 30% है ।

वित्तीयन के उपलब्ध दोनों विकल्पों के मध्य तटस्थता के बिंदु को ज्ञात कीजिए तथा विभिन्न स्थितियों में कौन सा विकल्प लाभकारी होगा, इसका उल्लेख कीजिए ।

P.T.O.

Marks

(द) 'अ' लिमिटेड और 'ब' लिमिटेड, पूँजी संरचना को छोड़कर, हर मामलें में एक दूसरे के समान हैं । 'अ' लिमिटेड अपनी पूँजी संरचना में ऋणों का उपयोग नहीं करती है जबकि 'ब' लिमिटेड की पूँजी संरचना में ₹ 10 लाख के 12% ऋणपत्र सम्मिलित हैं । यह मानते हुए कि :

(i) M-M उपागम की सभी मान्यताऐ उपस्थित हैं;

(ii) आयकर की दर 30% है;

(iii) ब्याज एवं कर के पूर्व अर्जन ₹ 2,50,000 है तथा

(iv) 'अ' लिमिटेड की समता पूँजीकरण की दर 20% है ।

दोनों कम्पनियों के मूल्य की गणना कीजिए तथा उनकी पूँजी की भारित औसत लागत ज्ञात कीजिए ।

2. (अ) 'जेड' लिमिटेड ने एक ठेका संख्या 999 ₹ 50 लाख में प्राप्त किया । 31 मार्च, 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए इस ठेके के संदर्भ में निम्नलिखित विवरण उपलब्ध हैं : 8

	₹
सामग्री का क्रय	1,60,000
स्टोर्स से निर्गत सामग्री	5,00,000
मज़दूरी और वेतन दत्त	7,00,000
आरेखण एवं मानचित्र	60,000
विविध व्यय	15,000
विद्युत प्रभार	25,000
संयंत्र किराया व्यय	60,000
उप-ठेका लागत	20,000
स्टोर्स को सामग्री वापस	30,000
आपूर्तिकर्ता को सामग्री वापस	20,000

Marks

इस ठेके के संदर्भ में 31 मार्च, 2013 और 31 मार्च, 2014 को समाप्त होने वाले वर्ष में निम्नलिखित शेष प्राप्त हैं :

	31 मार्च, 2013	31 मार्च, 2014
	₹	₹
कार्य-प्रमाणित	12,00,000	35,00,000
कार्य अप्रमाणित	20,000	40,000
कार्य-स्थल पर सामग्री	15,000	30,000
अदत्त मज़दूरी	10,000	20,000

ठेकेदार को प्रमाणित कार्य का 75% नकद प्राप्त हुआ ।

ठेका एवं ठेकेदार का खाता बनाइये ।

(ब) स्टार लिमिटेड के आर्थिक चिट्ठे निम्नवत् हैं : **8**

आर्थिक चिट्ठा **(लाख ₹ में)**

दायित्व	31/03/13 ₹	31/03/14 ₹	सम्पत्तियाँ	31/03/13 ₹	31/03/14 ₹
अंश पूँजी	24.00	30.00	प्लांट एवं मशीनरी	15.00	21.00
संचित	4.50	6.00	भवन	12.00	18.00
लाभ-हानि खाता	1.80	3.00	विनियोग	–	3.00
ऋणपत्र	–	6.00	विविध देनदार	21.00	15.00
कर के लिए प्रावधान	2.10	3.00	रहतिया	6.00	12.00
प्रस्तावित लाभांश	3.00	6.00	हस्तगत / बैंक में रोकड़	6.00	6.00
विविध लेनदार	24.60	21.00			
योग	**60.00**	**75.00**	**योग**	**60.00**	**75.00**

Marks

निम्नलिखित अतिरिक्त सूचनाओं की सहायता से रोकड़ प्रवाह विवरण तैयार कीजिए :

(i) प्लांट एवं मशीनरी के प्रारम्भिक मूल्य पर 25% तथा भवन के प्रारम्भिक मूल्य पर 10% ह्रास प्रभारित किया गया ।

(ii) वर्ष के अन्तर्गत ₹ 1,50,000 की लागत की एक पुरानी मशीन (अपलिखित मूल्य ₹ 60,000) ₹ 1,05,000 में बेची गयी ।

(iii) वर्ष के अन्तर्गत ₹ 1,50,000 के आयकर का भुगतान किया गया ।

3. (अ) आर.एस.टी. लिमिटेड वर्तमान में 50% क्षमता पर कार्य कर रही है और 30000 इकाइयाँ उत्पादित कर रही है । सम्पूर्ण उत्पादन ₹ 200 प्रति इकाई की दर से बेचा जाता है । क्रियात्मकता के 50% स्तर पर लागत संरचना निम्नवत है : **8**

	₹
प्रत्यक्ष सामग्री	75 प्रति इकाई
प्रत्यक्ष मज़दूरी	25 प्रति इकाई
परिवर्तनशील उपरिव्यय	25 प्रति इकाई
प्रत्यक्ष व्यय	15 प्रति इकाई
कारखाना व्यय (25% स्थायी)	20 प्रति इकाई
विक्रय एवं वितरण व्यय (80% परिवर्तनशील)	10 प्रति इकाई
कार्यालय एवं प्रशासनिक व्यय (100% स्थायी)	5 प्रति इकाई

कम्पनी का अनुमान है कि परिवर्तनशील लागतों में 10% और स्थायी लागतों में 15% की वृद्धि होगी ।

आपसे अपेक्षित है कि क्रियात्मकता के 50% और 60% के स्तर के लिए सीमान्त लागत के आधार पर कम्पनी का व्यय बजट तैयार कीजिए और संदर्भित स्तरों के लिए लाभ ज्ञात कीजिए ।

Marks

(ब) निम्नलिखित सूचनाओं से, फर्म का आर्थिक चिट्ठा तैयार कीजिए : **8**

स्टाक आवर्त अनुपात (बेचे गये माल की लागत पर आधारित)	–	7 गुना
विक्रय पर सकल लाभ की दर	–	25%
विक्रय का स्थायी सम्पत्तियों पर अनुपात	–	2 गुना
औसत ऋण संग्रहण अवधि	–	1.5 माह
चालू अनुपात	–	2
तरलता अनुपात	–	1.25
शुद्ध कार्यशील पूँजी	–	₹ 8,00,000
नेट वर्थ का स्थायी सम्पत्तियों पर अनुपात	–	0.9 गुना
संचित एवं आधिक्य का पूँजी पर अनुपात	–	0.25 गुना
दीर्घकालीन दायित्व	–	शून्य

सभी विक्रय उधार विक्रय हैं ।

4. (अ) XYZ प्राइवेट लिमिटेड के लागत अभिलेखों से निम्न सूचनाएँ प्राप्त की गई हैं : **8**

स्टोर्स :	₹
• प्रारम्भिक शेष	54,000
• क्रय	2,88,000
• चालू कार्य से हस्तांतरण	1,44,000
• चालू कार्य को निर्गमन	2,88,000
• मरम्मत हेतु निर्गमन	36,000
• स्टॉक में प्राप्त कमी	10,800

Marks

	₹
चालू कार्य :	
• प्रारम्भिक शेष	1,08,000
• लागू प्रत्यक्ष मज़दूरी	1,08,000
• उपरिव्यय प्रभारित	4,32,000
• अंतिम शेष	72,000
निर्मित माल :	
• सम्पूर्ण उत्पादन चालू कार्य की लागत पर 15% लाभ के साथ बेचा जाता है ।	
• मज़दूरी भुगतान	1,26,000
• उपरिव्यय भुगतान	4,50,000

स्टोर्स खाता-बही नियंत्रण खाता, निर्माणाधीन चालू कार्य नियंत्रण खाता, उपरिव्यय नियंत्रण खाता तथा लागत लाभ-हानि खाता तैयार कीजिए ।

(ब) RST लिमिटेड की पूँजी संरचना निम्नवत है : 8

	₹
समता अंश (₹ 10 प्रत्येक)	8,00,000
10% पूर्वाधिकार अंश ₹ 100 प्रत्येक	5,00,000
12% ऋणपत्र ₹ 100 प्रत्येक	7,00,000
	20,00,000

Marks

अतिरिक्त सूचनाएँ :

- करोपरान्त लाभ (कर की दर 30%) ₹ 2,80,000 हैं ।
- संचालन व्यय (ह्रास ₹ 96,800 को सम्मिलित करते हुए) ब्याज और कर के पूर्व आय (EBIT) का 1.5 गुना हैं ।
- समता लाभांश का भुगतान 15% किया गया है ।
- समता अंशों का बाजार मूल्य ₹ 23 है ।

गणना कीजिए :

(i) परिचालन लीवरेज तथा वित्तीय लीवरेज

(ii) पूर्वाधिकार एवं समता लाभांश के लिए आच्छादन

(iii) अर्जन प्रतिफल अनुपात तथा मूल्य अर्जन अनुपात

(iv) शुद्ध कोष प्रवाह

नोट : सभी संचालन व्यय (ह्रास को छोड़कर) परिवर्तनशील हैं ।

5. (अ) निम्नलिखित के लिये लागत निर्धारण विधि की पहचान कीजिए : **4×4 =16**

(i) जहाँ सभी लागतें एक विशिष्ट उपकार्य पर प्रत्यक्ष रूप से प्रभारित की जाती हैं ।

(ii) जहाँ सभी लागतें उत्पादों के एक समूह पर प्रत्यक्ष रूप से प्रभारित की जाती हैं ।

(iii) जहाँ एक उत्पाद के लिए लागत का निर्धारण किया जाता है ।

(iv) जहाँ उत्पाद की प्रकृति जटिल हो और विधि का निर्धारण न किया जा सके ।

(ब) लागत लेखों में उपरिव्ययों के अल्प-शोषण एवं अधि-शोषण के उपचार को समझाइये ।

(स) रोकड़ प्रबंधन के संदर्भ में चार प्रकार के फ्लोट (float) समझाइये ।

(द) 'संचालन पट्टा' और 'वित्तीयन पट्टा' में अंतर कीजिए ।

6. (अ) PQR लिमिटेड, जिसका वार्षिक विक्रय ₹ 30 लाख है, अपनी वर्तमान संग्रहण नीति पर पुनर्विचार कर रही है । वर्तमान में, औसत संग्रहण अवधि 50 दिन तथा अशोध्य ऋण हानि विक्रय का 5% हैं । कम्पनी अपने प्राप्यों के संग्रहण के लिए ₹ 30,000 का व्यय कर रही है । 8

वैकल्पिक नीतियाँ निम्नवत हैं :

	विकल्प – I	विकल्प – II
औसत संग्रहण अवधि	40 दिन	30 दिन
अशोध्य ऋण हानियाँ	विक्रय का 4%	विक्रय का 3%
संग्रहण व्यय	₹ 60,000	₹ 95,000

वृद्धिपरक विधि के आधार पर विकल्पों का मूल्यांकन कीजिए और उल्लेख कीजिए कि कौन सा विकल्प अधिक लाभकारी है ।

Marks

(ब) निम्नलिखित सूचनाएँ प्रक्रिया 'अ' से संबंधित हैं : **8**

(i)	प्रारम्भिक चालू कार्य (WIP)	8,000 इकाइयाँ ₹ 75,000 पर
	पूर्णता की श्रेणी :	
	सामग्री	100%
	मज़दूरी व उपरिव्यय	60%
(ii)	प्रयुक्त इकाइयाँ 1,82,000	₹ 7,37,500 पर
(iii)	मज़दूरी दत्त	₹ 3,40,600
(iv)	उपरिव्यय दत्त	₹ 1,70,300
(v)	इकाइयों का क्षय	14,000
	पूर्णता की श्रेणी :	
	सामग्री	100%
	मज़दूरी व उपरिव्यय	80%
(vi)	अंतिम चालू कार्य	18,000 इकाइयाँ
	पूर्णता की श्रेणी :	
	सामग्री	100%
	मज़दूरी व उपरिव्यय	70%

(vii) निर्मित एवं अगली प्रक्रिया में हस्तांतरित – 1,58,000 इकाइयाँ

(viii) सामान्य क्षय – प्रारम्भिक चालू कार्य को कुल प्रयुक्त इकाइयों में सम्मिलित कर उसका 5%

(ix) क्षरित इकाइयों का मूल्य ₹ 5 प्रति इकाई की दर से प्रत्यक्ष सामग्री लागत के साथ समायोजित किया जाना है ।

आपसे अपेक्षित है कि पहले आना पहले जाना (FIFO) के आधार पर गणना कीजिए :

(i) समतुल्य उत्पादन

(ii) प्रति इकाई लागत

(iii) अगली प्रक्रिया में हस्तांतरित इकाइयों का मूल्य

Marks

7. निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** के उत्तर दीजिए : **4×4 =16**

(अ) भविष्य की मुद्रा आज की उतनी ही मुद्रा से कम मूल्य क्यों रखती है ? कारणों का उल्लेख कीजिए और समझाइये ।

(ब) 'व्यापारिक जोखिम' और 'वित्तीय जोखिम' में अंतर कीजिए ।

(स) 'प्रत्याय की आंतरिक दर' क्या है ? समझाइये ।

(द) विभिन्न प्रकार की पैकिंग साख का उल्लेख कीजिए ।

(य) 'श्रम प्रत्यावर्तन' को परिभाषित कीजिए । यह किस प्रकार मापित की जाती है ? समझाइये ।